रेस्ट्रोरेंट में खाना खाकर जब एक हजार के बिल पर 180 रुपये जीएसटी देते हैं तो ऐसा लगता है कि अदृश्य होकर मोदी जी ने भी हमारे साथ खाना खाया।

—— रिषी सैनी

# सगे भाई घायल



**कथित एसपीओ व उसके साथियों ने चलायी गोली व बम आरोपी गिरफ्तार**

अरुण को पिटता देख क्षेत्रीय लोगों ने विरोध करते हुये शेरा व उसके साथियों को ललकारा तो शेरा व उसके साथियों ने गोली व बम से हमला बोल दिया। बीच सड़क गोली व बम चलने से इलाके में भगदड़ मच गयी।उसी दौरान इलाके में रहने वाले प्रदीप व उसका छोटा भाईप्रमोद पान की गुमटी के पास खड़े थे। एक गोली प्रदीप के कंधे में आ लगी,जबकि गोली उसके भाई प्रमोद के बायें जांघ में आ घसी। गोली लगते ही दोनों लुहान होकर गिर पड़े। दोनों को लहू लुहान देख शेरा व उसके साथी भाग ए। बवाल की सूचना मिलते ही एसपी पूर्वी अनुराग आर्या,सीओ कैंट सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर जा पहुंचे। पुलिस ने शेरा को ार कर घायलों दोनों भाइयों को उपचार के लिये कांशीराम चिकित्सालय जहां से डाक्टरों ने दोनों को हैलट रेफर कर दिया।एसपी पूर्वी ने बताया रा को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## स्मैक तस्कर को 4 वर्ष की कैद

कानपुर (एसएनबी)। स्मैक तस्कर पर चल रही सुनवाई के बाद अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 4 वर्ष की कैद व दस हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह तस्कर कानपुर जिला जेल से फरार हो गया था। उसकी फरारी के बाद उसे लखनऊ पुलिस ने स्मैक के साथ गिरफ्तार करके जेल भेजा था। वहीं से कानपुर की अदालत के तलब करने पर तस्कर यहां बुधवार को पेश हुआ।

एडीजीसी धर्मेंद्र पाल सिंह के मुताबिक स्मैक तस्कर सुधीर उर्फ सोनी को पुलिस ने माल रोड स्थित शनिदेव मंदिर के पास से वर्ष 2009 में गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से 100 ग्राम स्मैक बरामद हुई थी। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया था। कुछ दिन जेल में रहने के बाद वह जेल से फरार हो गया था। काफी खोजने पर भी पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर सकी थी। जबकि फरारी के बाद लखनऊ पुलिस ने सुधीर को 5 सौ ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार करके जेल भेजा था। तब से वह लखनऊ जेल में ही है। इधर सुधीर के मुकदमे की सुनवाई अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश 24 डीआरपी सिंह की अदालत में चल रही थी।

## नगर में आज

- प्रातः 10 बजे- डबल पुलिया मरियमपुर हाई स्कूल में भारतीय बाल रोग अकादमी द्वारा ओआरएस पर जागरूकता रैली
- प्रातः 10 बजे- मैनावती मार्ग धनऊपुरवा ग्राम में सूर्या फाउंडेशन द्वारा वृक्षारोपण
- प्रातः 11 बजे- कचहरी जिलाधिकारी कार्यालय में जमाते इस्लामी संस्था द्वारा ज्ञापन
- प्रातः 11 बजे- कचहरी जिलाधिकारी कार्यालय में नेशनल स्टूडेंट यूनियन द्वारा ज्ञापन
- प्रातः 11 बजे- नगर आयुक्त कार्यालय में सेफ्टी टैंक यूनियन द्वारा ज्ञापन
- प्रातः 11.30 बजे- नौबस्ता चौराहा संस्कार सोसाइटीमें रोजगार मेला
- दिन 12 बजे- साकेत नगर मूक बधिर विद्यालय में डीबीएस कालेज की बीएड छात्राओं का आगमन
- दिन,12 बजे- नौबस्ता हनुमन्त विहार अर्जुन विद्यालय में जन विकास परिषद द्वारा मेधावी छात्र सम्मान कार्यक्रम
- दिन 1.30 बजे- गोविंद नगर न्यू इंडिया चर्च ऑफ गॉड की बैठक
- शाम 3.30 बजे- फूलबाग बाल भवन में मेंहदी प्रशिक्षण शिविर
- शाम 4.30 बजे- सरसैया घाट महिला पार्क में आल इंडिया मूमेन्स कांफ्रेंस की सावन संध्या मीटिंग
- शाम 5 बजे- जूही गौशाला चौराहा महिला सोशल एक्शन कमेटी का मोरनी नृत्य व ग्रीन क्वीन प्रतियोगिता
- शाम 6 बजे- गंगा बैराज पर गंगा विचार मंच द्वारा वृक्षारोपण

# भर. बैग पार



ाजा खुला पड़ा है और सीट पर रखा बैग ायब है। पीड़ित ने घटना की जानकारी ोल रूम में दे दी। सूचना मिलते ही मौके हुंची पुलिस ने आसपास के दुकानदारों छताछ की इसके बाद पीड़ित से तहरीर ली। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश

# नगर निगम ठेकेदार की कार का शीशा तोड़ कर बैग पार किया

**फजलगंज चौराहे पर दिया घटना को अंजाम**

कानपुर (एसएनबी)। फजलगंज चौराहे पर चोरों ने कार का शीशा तोड़ कर रुपयों से भरा बैग पार कर दिया। कार मालिक लौट कर आये तो शीशा टूटा देख उनके होश उड़ गये। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर पीड़ित से तहरीर ले ली। नौबस्ता गल्ला मंडी निवासी संतोष तिवारी व उनकी पत्नी मानवी तिवारी नगर निगम में ठेकेदार हैं। दोनों लोग बुधवार को सफारी गाड़ी से नगर निगम जा रहे थे। फजलगंज चौराहे पर गाड़ी खड़ी करने के बाद दोनों लोग एक दुकान से सामान खरीदने चले गये। तभी किसी चोर ने पीछे के दरवाजे का शीशा तोड़ कर बैग पार कर दिया। संतोष जब लौट कर आये तो शीशा टूटा देख उनके होश उड़ गये।

संतोष ने घटना की जानकारी कन्ट्रोल रूम में दे दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के दुकानदारों से पूछताछ की। इसके बाद पीड़ित से तहरीर ले कर चोर को तलाश करनी शुरू कर दी। संतोष के मुताबिक बैग में 15 हजार रुपये, एक एटीएम, ड्राइविंग लाइसेंस व एक मोबाइल था।


**Frontier Springs Ltd.**

Regd. Off.: KM 25/4 Kalpi Road, Rania, Kanpur Dehat, 209304
Tel. No. 05111-240212-13, Fax No. 05111-240214 Website: http://www.frontiersprings.co.in
E-mail: [illegible] CIN: L17119UP1981PLC005212

**NOTICE**

Pursuant to Regulation 29 (a) read with Regulation 47 (1) (a) of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 Notice is hereby given that a meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Friday, 11th August 2017, at 1.00 p.m. at Km 25/4 Kalpi Road, Rania, Kanpur Dehat-209304 To consider, approve and take on record the Unaudited Financial Results for the Quarter ended June 30, 2017. The information contained in this notice is also available on the Company's Website www.frontiersprings.co.in and 'BSE Limited' (www.bseindia.com)

Pursuant to this , the company has decided to close its trading window from Wednesday August 2, 2017 to August Wednesday 16,2017 (both days inclusive) for all its directors, officer and designated employees.

For Frontier Springs Limited
Sd/
Dhruv Bhasin
(Company Secretary)

Date: 26.07.2017
Place: Kanpur



कार्यालय ग्राम पंचायत महिपालपुर वि.ख. शिवराजपुर, कानपुर नगर